एसीबी ने नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी को**20** हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

जयपुर 19 जुलाई।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जयपुर देहात की टीम ने कार्यवाही करते हुए नगर निगम जयपुर के मानसरोवर जॉन में कार्यरत सहायक राजस्व अधिकारी संगीता जैन को 20 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरीक्षक श्री सचिन मित्तल ने बताया कि परिवादी ने एसीबी में यह शिकायत दी कि फरवरी 2017 में मेरी जयपुर स्थित फैक्ट्री पर 4.23 लाख रूपय यूडी टैक्स की रसीद काट दी गई। परिवादी ने नगर निगम में 4.23 लाख रूपय यूडी जमा करवा दिए, लेकिन नियम के हिसाब से लगभग 50 हजार रूपये का ही यूडी टैक्स बनता था जिसे रिफंड नहीं कर रहे थे एवं रिफंड करने की एवज में सहायक राजस्व अधिकारी 50 हजार रूपये की रिश्वत की मांग कर रही थी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर देहात श्री नरोत्तम वर्मा के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवाया गया।सत्यापन के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी संगीता जैन ने 25 हजार रूपये लिए एवं आज ट्रैप कार्यवाही के दौरान संगीता जैन को 20 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवं अग्रिम कार्यवाही जारी हैं।